श्री झुन झुनवाला : उपाध्यक्ष महोदय, आरम्भ में ही मैं यह कह देना चाहता हूं कि मैं शूगर इंडस्ट्री का कोई हिमायती नही हूं और हमारे भाई ब्रजराज सिंह जी ने जो बातें कही हैं और बताया कि इतना लाभ वे उठा रही हैं और उनको एक्सपोर्ट में कोई विशेष रिआयतें देने की आवश्यकता नहीं थी, यदि वे सच हैं, और मिलें अनावश्यक या गैर वाजिबी तौर पर फायदा उठा रही हैं, तो उसको रोका जाना चाहिये । लेकिन जो आंकड़े उन्होंने पेश किये है उनमें मुझे कुछ संदेह मालूम पड़ता है । लेकिन फिर भी मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि उनके बारे में वे जांच करे ।

मगर मैं यह भी कह देना चाहता हूं कि किसने कितना फायदा उठाया इसको लेकर यदि हम केवल इंडस्ट्री को ही देखेंगे तो हम जो वास्तविक स्थिति है उस पर नही पहुंच पायेंगे और केवल स्लोगन की बात को ही ले करके इस उद्योग को हम खत्म कर डालेंगे । इस वास्ते हमको देखना चाहिये कि जो स्थिति आज पैदा हुई है वह क्यों पैदा हुई है तथा आज जो हम शूगर का एक्सपोर्ट कर रहे हैं उससे हमको उतनी आमदनी नहीं हो रही है जितनी होनी चाहिये और जो टैक्स इस इंडस्ट्री पर लगा हुआ है उतना दाम भी हमको एक्सपोर्ट से नहीं आता है । मैं चाहता हू कि अब जो दाम हम देते हैं उसको अलग छोड़ दें, जो मैनुफैक्चरिंग कास्ट है, उसको अलग छोड़ दें, मिलें जो नफा कमाती है उसको भी अलग छोड़ दें, लेकिन हम यह तो देखें कि किस भाव में हम बाहर चीनी भेज सकते है और किस भाव पर हम यहां पर पैदा कर सकते है । जहां तक फारेन एक्सचेंज का सम्बन्ध है, कौन नही चाहेगा कि हमें फारेन एक्सचेंज मिले और अधिक से अधिक फारेन एक्सचेंज हम पैदा करे । यह भी जरूरी है कि जब हम फारेन एक्सचेंज पैदा करने की चेष्टा करते हैं तो हमारे यहां के जो दाम है चीजों के, वे कुछ बढ़ जायेंगे और बढ़े हुये भावो पर चीजें यहां हमको बेचनी पड़ेंगी । लेकिन साथ ही साथ हमें इस बात का भी ध्यान रखना चाहिये कि किसी के ऊपर बहुत अधिक बोझा न पड़ने पावे । यह तो साफ है कि कंज्यूमर्स को भी थोड़ा बहुत बोझा जरूर सहना पड़ेगा । लेकिन यदि जो कुछ मेरे भाई ब्रजराज सिंह जी ने कहा कि जो भी अधिक लाभ हो रहा है, वह सारे का सारा इंडस्ट्री को जा रहा है, यदि यह सच है और यदि इंडस्ट्री गैर वाजिबी

[श्री झुनझुनवाला

तौर पर फायदा उठा रही है तो मैं चाहता हूं कि उसकी इन्क्वायरी हो और उसको रोका जाये । परन्तु हमको यह भी देखना चाहिये कि और कौन दूसरे लोग है जो इससे लाभ उठाते है । मैं इसी सदन में बहुत बार कह चुका हूं और आज फिर मैं उसको दोहराता हूं कि कंज्यूमर्स का फायदा देखने वाली न यहां पर सरकार है, न ग्रोअर है और न ही शूगर इंडस्ट्री है । एक शूगर कंट्रोल बोर्ड हुआ करता था, आजकल वह कायम है या नही मैं नही जानता । उसमें इन तीनो के रिप्रेजेंटेटिव हुआ करते थे और आपस मे मिल कर के अपनी अपनी मांगें पेश किया करते थे । सरकार कहा करती थी कि हमारी एक्साइज ड्यूटी इतनी बढ जानी चाहिये मैस इतना बढ जाना चाहिये ग्रोअर कहता था कि हमारे केन की प्राइस इतनी बढ जानी चाहिये, मिल वाले कहते थे कि हमको इतना प्राफिट हो जाना चाहिये । तीनो मिल कर यह फैसला कर लिया करते थे कि तुम इतना प्राफिट ले लो, तुम केन की इतनी प्राइस ले लो और सरकार इतना कर ले ले । किसको क्या लाभ होता है, हम क्या काम करते हैं, हमारी एफिशेंसी क्या है, इसको कोई देखता नही था और अगर देखता भी था तो कोई परवाह नही करता था । सरकार जो हमसे टैक्स लेती है, उसके बदले में इस इंडस्ट्री को कुछ देती है या नही यह देखना सरकार का काम नहीं रहा । सरकार को तो बस टैक्स मिलना चाहिये और जब उसको टैक्स मिल जाता है तो वह अपने घर में बैठ जाती है और यह नही देखती कि उसका क्या असर कंज्यूमर पर जा कर पड़ता है या दूसरों पर पड़ता है । जब ग्रोअर को केन का मूल्य एक रुपये से बढ़ कर एक रुपया एक आना मिल जाता है तो वह सन्तुष्ट हो जाता है और वह अपने घर में जाकर बैठ जाता है । जब मिल वालों को दो चार प्रतिशत अधिक प्राफिट मिल जाता है तो वे भी अपने घर में चुपचाप बैठ जाते है और किसी दूसरी चीज की उनको भी फिक्र नही रह जाती है । सरकार ने जब सैस वगैरह लगाये थे, उस वक्त उसने क्या कहा था ? सरकार ने कहा था कि हम केन इस तरह का पैदा करवायेंगे कि जिससे हमारे केन में सैक्रोस कंटेंट एक आधा टन बढ जाये । परन्तु जब हम इन फिगर्ज को देखते है तो हम पाते हैं कि न तो हमारा शूगर परसेंटेज बढ़ा है, न सैक्रोस कंटेंट बढ रहा है इन सैस और न ही पर एकड़ जितना गन्ना पैदा होना है, वह ही बढ रहा है । सन् १९३७–३८ में १४ या १५ टन पर एकड़ हमारे यहां पैदा हुआ करता था और जब जो उत्पादन की फिगर है वह करीब १३ टन पर आ गई है । बाहर की यदि हम फिगर्ज को देखें तो उसका मुकाबला हम नही कर सकेंगे, इस वास्ते उनको कोट करना फिजूल है । जब हमारी यह हालत है कि हमारा जो उत्पादन है उसी को हम ठीक तरह से नही बढा पाते हैं तो बाहर के मुल्कों के साथ मुकाबला करना और यह कहना कि वहां पर इस भाव पर चीनी बिकती है और इस भाव पर गन्ना मिलता है, वहां पर इतना सैक्रोस कंटेंट होता है, ठीक मालूम नही देता है और ऐसा करके हमें निराशा का सामना करना पड़ता है और कुछ दुःख भी होता है, तकलीफ भी होती है । हम तीनों मिल करके कंज्यूमर्स से अच्छी तरह से नफा ले रहे हैं । हमारे भाई कहते है कि शूगर केन के दाम बढ़ने चाहियें । मैं कहूंगा कि जरूर बढ़ने चाहियें । वह १ रु० ५ आने या १ रु० ७ आने कुछ भी कर दिया जाये । किन्तु यदि हम एक एकड़ में जो अभी १३ टन पैदा कर रहे हैं उसके बजाये १८ या २० टन पैदा करने लगें तो जो दाम हमें अभी १ रु० मिलता है उसी में हमको बढ़े हुये दाम के मुकाबले ज्यादा मिल सकता है और ग्रोअर की पर एकड़ इनकम ज्यादा हो जायेगी । इसलिये मेरा कहना है कि यदि

हम केवल यह कोशिश करें देश को बतलाने की कि दाम बढ़ाने से शोरअर ज्यादा लाभ उठायेगा, वह इस तरह से अपना ज्यादा फायदा कर सकेगा और सरकार यदि यही सोचती रहेगी कि हमारे पास जो कर आता है वह मिलता रहे और हम उसे अपने किसी भी काम में लायें, लोगों का इसमें कोई सरोकार नहीं है, तो उससे देश का काम चलने वाला नहीं है। मैं सरकार से, शोअर्स से और शुगर मिल ओनर्स से पूछूंगा कि आखिर आप लोग क्या कर रहे हैं? जो चीज आपके हाथ में है उसे तो आप करें। आपके यहां जो दिन प्रति दिन टनेज कम होता जाता है, जो हमारे शुगर केन में सैक्रोज कंटेंट्स हैं वह भी कम होते जाते हैं और जो हमारी रिकवरी है वह भी कम होती जा रही है, आप यह देखिये कि उसका उपाय क्या है। यदि हम उसका उपाय नहीं कर सकेंगे और यदि हम यह नहीं बता सकेंगे कि वह कैसे काम में लाये जायें, यदि हम अपना पर एकड़ टनेज नहीं बढ़ा सकेंगे, १३ टन से १५ या १६ टन नहीं कर सकेंगे तो जैसा हमारे भरूचा साहब ने कहा, कितने दिन तक आप अपना नुकसान कर के चीनी बाहर भेज सकेंगे? कितने दिन तक आप कंज्यूमर्स पर यह भारी बोझा डालते रहेंगे?

जैसा मैंने आरम्भ में कहा कि यह ठीक है कि कंज्यूमर्स पर बोझा पड़ेगा जैसा कि इंडोनेशिया में है, हमारे भाई श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह जी बतला रहे हैं कि वहां चीनी खुले में बिकती है ४८ रु० मन जो कि उनका कास्ट आफ प्रोडक्शन है, और बाहर वह २० रु० मन भेजी जाती है। यह ठीक है कि ऐसा होना चाहिये, फारेन एक्सचेंज के लिये ऐसा करना ही होगा, लेकिन जैसा भरूचा साहब ने कहा आपको इसकी ओर ध्यान देना होगा। आपने मिलों का एक्सपैन्शन कर दिया। करीब ३८ मिलों के लिये आपने लाइसेंस दिया है और १७ मिलें पब्लिक सेक्टर में रखी हैं।

श्री अ० प्र० जैन: कोआपरेटिव सेक्टर में।

उपाध्यक्ष महोदय: यह पहले पूछ लेना चाहिये था।

श्री झुनझुनवाला: जो कोआपरेटिव सेक्टर है वही पब्लिक सेक्टर है। वह दोनों एक में ही है। चूंकि वह प्राइवेट सेक्टर नहीं है इसलिये अगर वह कोआपरेटिव सेक्टर है तो भी पब्लिक सेक्टर है। मेरा कहने का मतलब यह है कि आप मिलों को बढ़ाते हैं। ज्यादा मिलों के बढ़ने से ज्यादा केन पैदा करना होगा। ऐसी हालत में जो हमारी जमीन है जिसमें कि फूड प्रोडक्शन हो सकता था वह शुगर केन की तरफ चली जायेगी। आप अपना काम पूरी तरह से कर सकेंगे या नहीं इसमें हमें सन्देह है, क्योंकि आखिर कितने दिन तक आपके कंज्यूमर्स चुपचाप बैठे रहेंगे? वह बराबर कुछ न कुछ बदले में मांगते रहेंगे। तो आपको इस बात को भी ध्यान में रखना है। अगर शुगर एक्सपैन्शन करना है तो फैक्ट्री को बना देना तो एक मामूली सी चीज है। आज हमारी सरकार के पास रुपया है वह लोगों को रुपया दे देगी, वह फैक्ट्री बनाने की घोषणा करती रहेगी, परन्तु असली चीज यह है कि जितनी जमीन है उसमें हम कितना ज्यादा पैदा कर सकते हैं। यदि हम उतने में ही अधिक पैदा कर सकते हैं और चीनी को बढ़ा सकते हैं तब तो ठीक है नहीं तो काम चलना कठिन हो जायेगा। हमारे किसी भाई ने इस बात को नहीं कहा। यह तो कहा कि शुगरकेन ग्रोअर्स को ज्यादा पैसा मिलना चाहिये। लेकिन कौन कह सकता है कि वह अच्छी क्वालिटी का शुगरकेन पैदा करते हैं और उसमें सैकाज कंटेंट्स कितने हैं। इसकी ओर आज कोई नहीं देखता लेकिन ग्रोअर्स को दाम जरूर अधिक मिलने चाहियें इंडस्ट्री के लोगों का नफा ज्यादा होना चाहिये पर यह कोई नहीं देखता कि एक्सट्रैक्शन कितना

[श्री झुनझुनवाला]

होता है । मिल का यह काम है कि जो गन्ना उसको दिया जाता है उसमे से वह ज्यादा से ज्यादा चीनी निकाले । मैं माननीय मंत्री जी से पूछूगा कि मिलो में कितनी एफिशिएंसी है और उन्होने अपना काम कहा तक बढाया । सरकार ने, जो कि कर ले रही है, प्रोडक्शन को बढ़ाने के लिये, यह देखने के लिये कि पर एकड प्रोडक्शन कितना होता है, उस के सैक्रोज कंटेंटस कितने होते हैं, क्या कार्रवाई की ? और जो कुछ उसने किया उसका क्या परिणाम हुआ ? मै अपने शूगर के ग्रोग्रर भाइयो से भी पूछना चाहूंगा कि आप ने क्या किया जिस से कि गन्ने की उपज अधिक हो सके । बजाय इसके कि आप कल की पैदावार पर डेढ रु० की माग करें, अगर एक एकड में इतनी ज्यादा पैदावार करे कि इस १ रु० के हिसाब से ही आप का ज्यादा पैसा मिल जाय तो अधिक अच्छा है । केवल स्लोगन्स के लिये कह देना कि चलो तुम्हारा १ रु० ४ आ० मन के बजाय १ रु० ८ आ० कर दिया गया उचित नही है । इससे हिन्दुस्तान को कोई लाभ नही होगा । हिन्दुस्तान को लाभ तो तब होगा जब आप की एफिशिएसी बढ़ेगी । और आज शुगर केन में ही मुझे सब से कमी मालूम पडती है । इस में कितना दोष सरकार का, कितना दोष मिल वालों का और कितना ग्रोग्रर भाइयो का है इसे भी तो देखना चाहिये । यदि उन को अधिक पैसा मिल जाता है और अधिक पैसा मिलने से वह इनएफिशिएंट हो जाते हैं, ठीक से पैदावार नहीं करते, तो इस के ऊपर भी हमको ध्यान रखना चाहिये कि वह एफिशिएंट हों ।

जो शुगर कंट्रोल किया गया है, उस के ऊपर मैं विशेष कुछ नहीं कहना चाहता क्योंकि समय नहीं है, केवल यही चीज कहूंगा कि हमारे मंत्री जी ने कहा है कि हम चीनी को किस तरह से बंटवायेंगे । उसके लिये उन्होंने बतलाया है कि हम मिल्स से पर्चेज करेंगे और पर्चेज करने के बाद जो जो लोग इंडेंट देंगे उनके अनुसार उन्हें चीनी देंगे । इसमें एक बड़ा भारी फ्ला है । अभी आपने दाम निश्चित किये है डी २६ के । अब आप यह देखिये कि आप चाहे कोई भी उपाय करें, सरकार कोई तरीका अपनाये, यदि डी २६ सुपीरियर क्वालिटी की शुगर है तो उसके दाम लोग जरूर ज्यादा देंगे और जो इन्फीरियर क्वालिटी है उसका जो कंट्रोल का दाम है वह लेंगे । इसमें बड़े भारी झगड़े की बात हो सकती है और मै सरकार से कहूंगा कि वह इस पर पूरा ध्यान रक्खे और जब किसी को इंडेंट दिया जाता है तो देखे कि उसको किस किस क्वालिटी की चीनी दी जाती है । यदि हम किसी को प्रोव्लाइज करने के लिये उसे अच्छी क्वालिटी की शकर अधिक दे देंगे तो उसका दाम हम कितना ही कंट्रोल करें, वह ज्यादा लेंगे, अगर उन का डी २६ की शुगर दी जाती है तो वह उस का दाम १ रु० २ आ० ही लेंगे जब कि कोई भी चीनी २६ रु० मन की है तो उसका दाम वह १५ आ० भी नही लेंगे ।

जैसा मैंने कहा जिन लोगो को इससे नुक्सान होता है उसकी ओर आप देखिये और जिन लोगो को जो क्वालिटी नही मिलती है वह भी दें । और जो लोग क्वालिटी का फायदा उठाना चाहते है उनको गैरवाजिबी फायदा भी न उठाने दें । और कंट्रोल से जहां आप का कास्ट आफ प्रोडक्शन कम होता है, इसके ऊपर ध्यान रक्खें कि कोई मिल बन्द न हो ।

श्री वाजपेयी (बलरामपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, चीनी के वादविवाद में मिठास के बजाय अगर थोड़ी सी कड़वाहट आगई है तो उसके लिये सरकार द्वारा अपनाई जा रही नीति जिम्मेवार है । जिन परिस्थितियों में चीनी का निर्यात बढ़ाने के लिये सरकार ने

अध्यादेश जारी किया, उनके संबध मे खाद्य मंत्री महोदय ने प्रकाश डाला है अगर मुझे यह कहने में बिलकुल भी संकोच नही है कि उन्होंने जो युक्तियां दी हैं और जो तर्क उपस्थित किये हैं उनके द्वारा इस तथ्य का स्पष्टीकरण नही होता कि २७ जून की तिथि ही इस अध्यादेश को जारी करने के लिये क्यो चुनी गई ? उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि अप्रैल और मई से इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने लगे थे कि बाहर से चीनी का निर्यात बढ़ाया जा सके लेकिन अध्यादेश जारी किया गया उस समय जब कि संसद् का सत्र नही हो रहा था। यदि सरकार थोडी दूरदर्शिता से काम लेती तो १० मई को संसद् की बैठक स्थापित होने से पूर्व ही इस संबध मे एक विधेयक उपस्थित किया जा सकता था लेकिन मंत्री महोदय ने कहा कि चीनी का निर्यात करने के लिये जिस तन्त्र की आवश्यकता थी उसके स्वरूप का वह निर्धारण नही कर सकी और इसलिये थोडी सी देर लग गई किन्तु बाद मे जिस एजेंसी के द्वारा जिस तन्त्र के द्वारा चीनी के निर्यात करने का निश्चय किया गया, वह कोई नया अन्वेषण करने पाया कोई नया तन्त्र निकाला गया हो ऐसी बात नही है। चीनी के मिल मालिको को सरकार ने यह काम सौंप दिया जो कि इसके पहले भी इस प्रकार की सेवाये सरकार के प्रति करते रहे हैं।

दूसरी बात जो मंत्री महोदय ने वक्तव्य से स्पष्ट होती वह यह है कि गत वर्ष जब सरकार ने चीनी के निर्यात के लिये कोई विशेष प्रयत्न नही किया था और चीनी के मालिकों ने स्वयं चीनी का निर्यात बढ़ाने का प्रयत्न किया था उस समय १९५७ में १५० हजार टन चीनी बाहर भेजी गई थी और उससे साढ़े बारह करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की प्राप्ति हुई थी। इस बार सरकारी प्रयत्नों से जिनके कि परिणामस्वरूप देश में चीनी के दाम अधिक हो गये हैं और उत्पादक और उसके साथ उपभोक्ता दोनो उसका लाभ उठाने से वंचित किये गये हैं। उस समय जब उत्पादन के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं या जिस मात्रा में विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का अनुमान किया गया है, वह तो १९५७ के आकडो से बहुत कम है। सवाल यह है कि जब मिल मालिक स्वय इतनी बडी मात्रा में चीनी का निर्यात कर सकते थे और अप्रत्यक्ष रूप से देश को विदेशी मुद्रा की भी प्राप्ति हो सकती थी तो सरकार ने इस बात की आवश्यकता क्यो समझी कि वह चीनी के निर्यात मे अपना हाथ डाले और वह भी इस ढग से कि जिसमे उपभोक्ताओ के हितो का ध्यान न रक्खा जाय। इस बात को सभी ने स्वीकार किया है कि सरकारी अध्यादेश के परिणामस्वरूप और चीनी के निर्यात के फल के रूप मे देश में चीनी के दाम बढ गये। मंत्री महोदय ने कहा है कि उन्होने चीनी के दामो को बढने से रोकने के लिये कदम उठाये है किन्तु उन्होने यह स्वीकार किया है कि अध्यादेश २७ जन को जारी किया गया था जब कि चीनी के मूल्य पर नियत्रण करने का कदम ३० जुलाई को उठाया गया। मै यह जानना चाहता हू कि इतनी देर क्यो की गई ? क्या सरकार इस बात को सोचने में समर्थ नही थी कि अध्यादेश जारी करते ही चीनी का निर्यात बढाया जायेगा। इस बात के प्रकाश मे आते ही चीनी के दाम बढेगे। हमारे देश के भीतर के बाजार की जो स्थिति है उसमे दामो के बढने की वृत्ति बिलकुल स्पष्ट है और उसे समझने के लिये किसी विशेष प्रकार के ज्ञान की आवश्यकता नही है। यदि अध्यादेश जारी करना आवश्यक था सरकार की सम्मति मे जिससे कि मै सहमत नही हू तो क्या अध्यादेश के जारी करने के साथ ही चीनी के दाम देश के भीतर न बढें, इसके लिये कदम नही उठाया जा सकता था लेकिन कदम नही उठाया गया

[श्री बाजपेयी]

और उसका परिणाम यह है कि चीनी के दाम बढ़े है। गांवों में मैंने इस बीच में अपने चुनाव क्षेत्र में दौरा करके देखा है। गांव में १ रुपये ४ आने सेर चीनी बिक रही है क्योंकि आप चाहें एक ही नया पैसा चढ़ायें पर प्रवृत्ति यह है कि वह नीचे की सतह तक जाते जाते अनेक नये पैसे हो जाता है और उस वृत्ति को रोकने के लिये आवश्यक कदम उठाया जाना चाहिये। वह सरकार ने नहीं उठाया। अब यह सुझाव दिया गया कि चीनी के वितरण के लिये सरकार प्रबन्ध करे। मंत्री महोदय ने सस्ते गल्ले की अनाज की दुकानों का उदाहरण दिया और यह स्पष्ट किया कि गल्ला वितरण करने में इतनी कठिनाईया होती है और इससे आप समझ सकते है कि चीनी का वितरण कैसे सहज सम्भव हो सकता है। मैं समझता हूं कि अगर सरकार चीनी का दाम बढ़ाने से रोकना चाहती है और जैसी कि उसकी उद्घोषणा है तो इसके लिये जब तक चीनी के वितरण की कई व्यापक व्यवस्था नही की जायेगी जिसके कि अनुसार उपभोक्ता तक उचित मूल्य मे चीनी मिल सके तब तक मै समझता हू कि केवल चीनी के दाम न बढ़े, इस नीयत से चीनी के के दामों का बढ़ना नही रुकेगा। दाम बढ़ रहे है। और उपभोक्ता को इस दृष्टि से क्षति भी पहुच रही है और सरकार उसको दूर करने का प्रयत्न करे, इस बात की आवश्यकता है।

एक बात मै और निवेदन करूंगा। यहां पर गन्ना उत्पादकों की चर्चा की गई है। यह बात स्पष्ट है कि चीनी का निर्यात बढ़ाने से विदेशी मुद्रा की जो भी प्राप्ति हो किन्तु गन्ना उत्पादक को प्रत्यक्ष रूप से कोई लाभ होने वाला नही है। इस बात को सभी स्वीकार करेंगे कि हमारे देश मैं चीनी उद्योग का जिस ढंग से विकास हुआ है और सरकार ने जिस बड़ी मात्रा में चीनी उद्योग को संरक्षण दिया है उससे जो चीनी के मिल मालिक है, उनका लाभ अनुपात में अधिक है और गन्ने के उत्पादक का कम है: लाभ नही मिलना चाहिये, ऐसी बात कोई नही कहता है मगर प्रश्न अनुपात का है और यह बात कही गई है कि सरकार द्वारा नियुक्त समिति ने भी इस तरह की सिफारिश की थी कि अगर चीनी का दाम २६ रुपये प्रतिमन है तो गन्ने का दाम १ रुपये १२ आने प्रतिमन होना चाहिये। आजकल चीनी का दाम क्या है उसे बताने की आवश्यकता नही है . . . .

१५ बजे

श्री च० द० पांडे: उसमें एक्साइज ड्यूटी का भाग भी है।

श्री बाजपेयी: एक्साइज ड्यूटी भरी है। तब शायद ३४ रुपये की होगी। मेरा निवेदन यह है कि उस अनुपात में गन्ने के उत्पादक को लाभ नही मिला। अब सरकार यह आशंका प्रकट करती है कि गन्ने के उत्पादक को अधिक लाभ मिलेगा तो इस बात की सम्भावना है कि गन्ने के उत्पादन का क्षेत्र बढ़ जाय। और फिर गल्ले के उत्पादन मे उसको जोड़ कर यह भय प्रकट किया जाता है कि देश के खाद्यान्न की दृष्टि से यह ठीक नही होगा। लेकिन अगर हम चीनी के निर्यात को प्रोत्साहन देते है और उससे विदेशी मुद्रा की प्राप्ति की सम्भावना बताते हैं तो फिर इसका यही परिणाम होगा और इसको रोका नही जा सकता कि गन्ने के उत्पादन को और प्रोत्साहन मिले। मैं समझता हूं और सेठ झुनझुनवाला ने ठीक कहा है कि जो भी गन्ने के उत्पादन का क्षेत्र है उसी में हमें अधिक से गन्ना पैदा करने का प्रयत्न करना चाहिये, मगर इसके लिये भी गन्ने

के उत्पादकों को जिन सुविधाओं की आवश्यकता है वे नहीं प्राप्त हैं। मेरे अपने क्षेत्र का मामला है। बांधों को बड़ी बड़ी योजनाओं को स्थगित कर दिया गया है, और जो पहले सरकार ने ट्यूब वैल बनाने का वायदा किया था बलरामपुर और तुलसीपुर के क्षेत्र में वे ट्यूब वैल भी बने नहीं हैं। इसके कारण वहां पर गन्ने के उत्पादन का क्षेत्र कम हो रहा है। यह वस्तुस्थिति वहां है, भले ही सम्पूर्ण देश में इसको लागू न किया जा सके। इस बात की आवश्यकता है कि चूंकि किसान को गन्ने का उत्पादन बढ़ाना है इसलिये उसे आवश्यक सुविधायें प्रदान की जानी चाहियें, जो करने में सरकार सफल नहीं हो सकी है।

मैं समझता हूं कि अध्यादेश को जारी करने के जो भी कारण बताये गये वे पर्याप्त नहीं है। शासन या तो पिछले संसद् के सत्र के समय इस प्रकार के विधेयक को उपस्थित कर सकता था या वर्तमान सत्र के लिये प्रतीक्षा कर सकता था। लेकिन मिल मालिकों के कहने पर उसने एक अध्यादेश जारी किया जिसमें गन्ने के उत्पादकों और चीनी के उपभोक्ताओं दोनों के हितों का ध्यान नहीं रखा गया। अगर चीनी के निर्यात में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है तो उससे किसी को विरोध नहीं है लेकिन मन्त्री महोदय को यह स्पष्ट करना चाहिये कि जब गत वर्ष सरकार की किसी सहायता के बिना चीनी के मिल मालिकों ने १५० से १६० हजार टन चीनी का निर्यात किया और साढ़े १२ करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा की प्राप्ति की, तो इस बार आगे बढ़ कर सरकार को उसकी सहायता करने का क्या कारण है।

इससे अधिक मुझे कुछ कहना नहीं है।

चौ० रणवीर सिंह (रोहतक) : उपाध्यक्ष महोदय, कई मित्रों ने अध्यादेश जारी करने पर आपत्ति जाहिर की है। लेकिन मुझे तो ऐसा मालूम होता है कि कुछ दोस्तों की तो नीति ही यही है कि अध्यादेशों का विरोध किया जाये। कुछ लोगों ने कहा है कि सरकार ने मिल मालिकों के दबाव में यह अध्यादेश जारी किया है। लेकिन मैं मानता हूं कि सरकार ने किसी खास मतलब से ही इसे जारी किया है। इस सरकार ने जब अखबार के मालिकों के दबाव में अध्यादेश को नहीं रोका फिर इस सरकार पर यह आरोप लगाया जाता है कि चीनी के मिल मालिकों के दबाव में आकर उसने यह अध्यादेश जारी किया है।

उपाध्यक्ष महोदय : अखबार से तो मिल ज्यादा भारी होती है।

चौ० रणवीर सिंह : तो मैं अर्ज कर रहा था कि बात दर असल क्या है। अध्यादेश जारी करने पर मैं भी आपत्ति कर सकता था अगर मुझे यह पता हो कि मेरे नायक दोस्त जो आपके बायें बाजू बैठे हैं उनमें इतनी शक्ति है कि जो विधेयक सरकार लाये या जो अध्यादेश जारी करे उसे वे नामंजूर करवा सकते हैं।

श्री बजराज सिंह : उस वक्त तो सरकार इधर आ जायेगी।

चौ० रणवीर सिंह : वह तो आपका अन्दाजा है।

सचाई तो यह है कि आज सरकार जिस विधेयक को लाती है, वह पास हो जाता है चूंकि सरकार के साथ जनता का विश्वास है और संसद् के सदस्यों का विश्वास है। इसलिये अध्यादेश जारी करने पर जो आपत्ति है वह मेरी समझ में नहीं आती।

कई दोस्तों ने इस विधेयक और अध्यादेश पर बड़ी आपत्तियां जाहिर की हैं। मुझे भी कुछ आपत्ति हो सकती है। लेकिन

[चौ० रणबीर सिंह]

एक बात मुझे बहुत साधारण सी दिखायी देती है जिसको बहुत पेचीदा बनाने की कोशिश की गयी है। साधारण बात यह है कि इस देश में पिछले साल इतनी चीनी पैदा की गयी थी कि डेढ़ लाख टन चीनी बाहर भेजी जा सकी। मेरे एक दोस्त ने यह बतलाने की कोशिश की कि साहब इस साल पैदावार कम है। यह ठीक है। अगर इस कमी का अन्दाजा न लगाया जाता तो मैं समझ सकता था कि सरकार की तरफ से कोई गलती हुई है। लेकिन उस कमी का अन्दाजा लगा लिया गया है। सरकार ने केवल ५० हजार टन भेजने का फैसला किया है। अगर इस साल की पैदावार का अन्दाजा ठीक है तो हम एक लाख टन तक भेज सकते थे। लेकिन सरकार ने वैसा नहीं किया। उसने यह ख्याल रखते हुये कि बाहर चीनी भेजने से कोई खराबी न हो, और आबादी की बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुये केवल ५० हजार टन भेजने का फैसला किया है और उसके लिये यह विधेयक लाया गया है। जहां तक इस बात का वास्ता है मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं दिखाई देती।

लेकिन एक बात है कि यहां व्यापारी वर्ग है और जिसको मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास और अपर मिडिल क्लास कहा जाता है उसमें से बहुतों का दिमाग इस बात पर लगता है कि किसी न किसी तरह से, किसी कानून से कोई नाजायज फायदा उठाया जाये और जो गरीब का हक है उसे छीना जाये। यही कारण है कि चीनी के भाव बढ़ गये। इसका और कोई कारण नहीं है। जब पिछले साल डेढ़ लाख टन चीनी बाहर भेजी गयी तो भाव नहीं बढ़ा फिर आज ५० हजार टन के कारण ही कौनसा भारी वजन आ गया कि जिसकी वजह से भाव बढ़े।

मैं उन लोगों का मशकूर हूं कि जिन्होंने किसानों के लिए दो चार बातें कही हैं। जो बात शुगर केन ग्रोअर्स के हक में कही गयी है मैं उससे सहमत हूं। लेकिन लोग यह भूल जाते हैं कि डिमांड और सप्लाई का सवाल है। अगर शुगर बाहर न भेजी जाये तो उसका भाव यहां बाजार में गिर जायेगा और उसका नतीजा यह होगा कि अगले साल के सीजन में शुगर केन ग्रोअर पर उसका असर पड़ेगा। यह तो एक मामूली बात है। आज हम जिस इकानमिक उसूल के तहत चल रहे हैं यह कदम तो उसके तहत ही उठाया गया है। लेकिन सरकार की एक बात मेरी समझ में नहीं आती है। सरकार जानती है कि इस देश का बहुत बड़ा व्यापारी वर्ग और कारखानेदार वर्ग का हिस्सा कितने ईमानदार हैं। इस लिए इस सिलसिले में उस को कुछ सोच समझ कर कदम उठाना चाहिए। ऐसी हालत में मैं यह समझने में मजबूर हूं कि उन कारखानेदारों के जिम्मे यह क्यों छोड़ा गया है कि वे एक्सपोर्ट करेंगे। हो सकता है कि वे लोग एक बड़ी अच्छी रोजी पिक्चर हमारे सामने रखें और कहें कि वे यह काम नो प्राफिट नो लास के बेसिस पर करेंगे—उतनी कटौती करेंगे, जितना कि खर्च होगा। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि कौन इस बात का पता लगायेगा कि कितने अफसर रखने चाहिएं और कितने रखे गए हैं। यह भी मुमकिन हो सकता है कि उस संस्था में कारखानेदारों के रिश्तेदारों को भर दिया जाय और खर्चा बढ़ा दिया जाय और हमारे देश की जो बाहर तरह को-आपरेटिव मिल्स हैं वह खर्चा इनडायरेक्टली उन पर पड़े। आखिर इस की जिम्मेदारी कौन लेगा? मेरी समझ में नहीं आता कि सरकार ने उन लोगों पर विश्वास करने का क्यों सोचा है। और फिर वे कौन दोस्त हैं? आज से दो साल पहले फूड एंड एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री की स्टैंडिंग कमेटी में मई, जून में यह बताया गया कि इस देश में चीनी बहुत ज्यादा

और उस को एक्सपोर्ट किया जायेगा, लेकिन उस के डेढ़-दो महीने ही बाद ही इस देश में चीनी की कमी को जाहिर किया गया और सरकारी तौर पर पचास हजार टन की इजाजत दी गई, जैसे कि आज दी गई है। इस देश के व्यापारी वर्ग और कारखानेदारों की यह हालत है कि एक नया पैसा बढ़ने पर कन्ज्यूमर के लिए तीन रुपए का इजाफा होता है। इस में सरकार की थोड़ी बहुत जिम्मेदारी हो सकती है, लेकिन बहुत बड़ी जिम्मेदारी यहां के लोगों की है, या व्यापारी वर्ग की है।

मेरे दोस्त श्री झुनझुनवाला ने कहा कि सब कहते है कि काश्तकार को और पैसा दो, लेकिन यह कोई नहीं कहता कि काश्तकार ज्यादा क्यों नहीं पैदा करता, ऐसी फसल क्यों नहीं पैदा करता, जिस का सूक्रोस कन्टेन्ट ज्यादा हो। श्री रंगा इस सबजेक्ट के विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा और श्री वाजपेयी ने भी कहा कि अगर शुगर एक्सपोर्ट करेंगे, तो गेहूं के बोने पर उस का असर पड़ेगा। थोड़ा बहुत असर पड़ सकता है, लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि काश्तकार की कुछ लिमिटेशन्ज होती हैं कि कितनी ईख पैदा कर सकता है, कौन सी जमीन में ईख बोनी चाहिए, जो कि उस के लिए और देश के लिए फायदेमन्द हो। इस मामले में कहना और प्रचार करना तो बड़ा आसान है। बड़े व्यापारी, सेठ साहूकार यह भूल जाते है कि मार्जनल प्रोडक्शन के लिए फालतू खर्च चाहिए। हर चीज के लिए, जिस की कि आप मार्जनल प्रोडक्शन बढ़ाना चाहते हैं, आप गुंजायश रखते है, आप का इकनामिक्स गुंजायश रखता है, लेकिन यह उम्मीद रखते हैं कि काश्तकार ऐसे ही एक एकड़ में एक मन, एक टन बढ़ा दे। आप जरा इस बात पर गौर करें कि कितना रुपया आप ने उस की मदद के लिए दिया है। मैं कहना चाहता हूं कि इस हाउस में सही तौर पर उस बारे में गिला किया गया है।

गुजरात के एक साथी से मेरी बात-चीत हुई, जो कि पंजाब जा रहे थे। मैंने उन से कहा कि आप को पंजाब और गुजरात में क्या फर्क दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि शायद यहां पर कुछ इन्सान की और कुछ भगवान की मेहरबानी है। मैंने उन से कहा कि गुजरात के मुकाबले में शायद पंजाब के ऊपर भगवान की उतनी मेहरबानी नहीं है, जितनी कि इन्सान की मेहरबानी है, इसलिए कि यहां पर खेती के लिए ज्यादा रुपया लगाया गया है। अकेले भाखरा डैम पर इरीगेशन बढ़ाने के लिए १२० करोड़ रुपया लगाया जायागा। कुदरती बात है कि आप खेत में जितना लगाना चाहते है, उस के मुताबिक ही आप को मिलेगा—जितना गुड़ आप डालेंगे, उतना ही मीठा होगा। गुड़ नहीं डालेंगे, तो मीठा नहीं हो सकता है प्रचार चाहे आप कितना करते फिरें।

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप शुगर से पीछे गुड़ की तरफ चलने लगे हैं।

चौ० रणबीर सिंह १९५३-५४ में शुगर बहुत बड़ी मिकदार में आयात होती रही। इस मन्त्रालय के कुछ विशेषज्ञ सोचते हैं कि ऐसा क्यों हुआ। इस देश के किसानों ने इतना गन्ना पैदा किया कि गुड़ आठ रुपए मन पर भी नहीं उठा। एक वक्त था कि किदवई साहब सोचते थे कि गुड़ से चीनी बनायेंगे, तो यू० पी० का किसान बचेगा। इस देश में उन्हीं किसानों के रहते हुए बाहर से चीनी आई। पिछले साल हम ने बाहर चीनी भेजी और आज भी बाहर भेजने के लिए मजबूर हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि यह ठीक है कि यहां के किसान बहुत बड़ी तादाद में अनपढ़ हैं लेकिन फिर भी उन को कुछ समझ है। आप जरा आंकड़े देखिए। १९५६-५७ में गन्ने और चीनी की पैदावार बढ़ी, गुड़ की पैदावार बढ़ी। क्यों? उस की वजह यह है कि १९५३,

[चौ॰ रणबीर सिंह]

१९५४, १९५५ में गेहूं के दाम गिरा दिए गए और गेहूं नौ रुपए मन नहीं बिका। किसान समझता है कि आप उस की इमदाद नहीं करते हैं, उस को रुपया नहीं दिलाते हैं। यह देख कर वह कम से कम जान बूझ कर भूखा मरने के लिए तैयार नहीं है। ज्यादा न सही, कम सही, लेकिन उस के पास जितनी भी समझ है, उस को वह इस्तेमाल करता है। मुझे पता नहीं कि इस मंत्रालय के विशेषज्ञ और प्लानिंग कमीशन के लोग यह सोचते हैं या नहीं कि इस देश में एक साइकिल बन गई है। हम जानते हैं कि १९४७ के बाद इस देश के किसानों ने इतनी मिकदार में गन्ना, कपास और पटसन और दूसरा गल्ला पैदा किया, जितनी कि यहां जरूरत नहीं थी। मुझे वह दिन याद है कि मंत्री महोदय ने कहा कि उन के पास कोई मशीनरी नहीं है, जो कि किसानों के गेहूं, धान और बाजरे वगैरह को खरीद कर रख सके, उन के पास इस काम के लिए रुपया और गोदाम नहीं है। मंत्री महोदय को मालूम है कि उस स्टेट में, जहां शूगरकेन पैदा होता है, आज गेहूं बीस, बाईस रुपए मन के हिसाब से बिक रहा है? इसका असर आज तो नहीं पड़ेगा, लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगली फसल में आप उस असर को नहीं रोक सकते हैं। गुड का आज जो भाव है, उस का असर इसी सीजन में पड़ने वाला है। वह ज्यादा गुड पैदा करने की कोशिश करेगा और मिलों को कम से कम देने की कोशिश करेगा।

15.22 hrs.

[PANDIT THAKUR DAS BHARGAVA *in the Chair*]

अगर एक पैसा भाव बढ़ने से तीन रुपया मन बढ़ा दिया जाता है और पंजाब-यू॰पी॰ के बार्डर पर एक मील इधर पांच रुपए मन कम गेहूं बिक रहा है और एक मील उधर छः रुपए मन ज्यादा बिकता है और इस बारे में सरकार कुछ नहीं कर सकती है, तो मुझे यकीन है कि आप में जितनी भी शक्ति हो, किसान कितना ही ग़रीब हो, लेकिन इतना तो वह भी कर सकेगा कि जब गुड़ से उस का फायदा होता है, तो वह गुड़ बनायगा और आप उस को रोक नहीं सकेंगे। इस का नतीजा यह होगा कि आने वाले साल में आप को चीनी इम्पोर्ट करनी पड़ सकती है।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर आप चाहते हैं कि अगले साल भी चीनी का उतना ही उत्पादन हो जितना इस बार हुआ है या आप यह चाहते हैं कि वह और भी अधिक हो तो आपको चाहिये कि आप शूगर केन की प्राइसिस को बढ़ायें। अगर आपने शूगर केन की प्राइसिस को नहीं बढ़ाया तो मैं आपको आज ही चेतावनी देना चाहता हूं कि आठ महीने के बाद आप देख लेंगे कि शूगर की जो पैदावार है वह इसी फसल में गिर जाए गी और उसके बाद अगली फ़सलों में और भी गिर जाएगी। अगले साल आपके पास जो एक लाख टन चीनी है उसके एक्सपोर्ट किये बगैर यदि आपने काम चला लिया तो ठीक लेकिन अगर आप उसके बगैर काम नहीं चला सके तो खाण्ड की कमी महसूस हो जायेगी। जो इलाका इस वक्त शूगर केन उगाने में आता है उसमें से जितना गेहूं उगाने में जा सका चला जाएगा और इसका नतीजा यह होगा कि जिस तरह से आपको सन् १९५३-५४ में करोड़ों रुपये की शूगर बाहर से इम्पोर्ट करनी पड़ी थी, उसी तरह से आगे भी दो तीन साल में आप इम्पोर्ट करने पर मजबूर हो जायगे।

श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह (औरंगाबाद-बिहार) : गेहूं तो सस्ता हो जायगा।

चौ॰ रणबीर सिंह : गेहूं भी सस्ता नहीं होगा।

Shri Ghosal (Uluberia): For the whole day, we have been used to

bitter words in a sugar debate. (*An Hon. Member*: *Sugar- coated*).

At the ouset, the purpose of the Government seems to be very innocent, namely, to boost up sugar exports so as to earn foreign exchange. But if we give serious thought to the provisions of this Bill and the purpose for which Government have introduced this Bill, we shall find that there are many difficulties we shall have to face later on.

It is true that in one year Rs. 12 crores of foreign exchange were earned by sugar exports. This also occupies the fourth place in the export trade list. But that cannot be the single reason for pushing our sugar into the foreign market, because it has already been said that we shall have to incur a loss of 8 annas per maund which is estimated at about Rs. 1·40 crores, which has to be borne by the industry without any corresponding rise in price in the internal market. But in our experience, we have found that as soon as an Ordinance was promulgated, the price of sugar went up by one anna per seer. The Government have argued that the price of sugar has been controlled; at the same time, when consumers go to the market to purchase sugar, they find that the price has risen. Government have already pleaded their helplessness. The hon. Minister of Food has said that we have got no machinery to see that articles are sold at control rates. So the control rates are in the interest of the big businessman who gets the articles he wants at those rates, whereas there is no machinery to see that the consumer gets the articles at control rates.

If the price of sugar rises, who will be affected most? From statistics published in the July issue of *Indian Sugar*, we find (page 258):

> "The two lower-income groups (Rs. 1 to Rs. 100 and Rs. 101 to 175) account for nearly 83 per cent. of all families and about 72 per cent. of the entire sugar consumption in value terms".

So the lower group and the middle class group of persons will be most affected by the rise in the price of sugar. I apprehend that the millowners also will try to make up for the shortage in their profit by increasing the price in the internal market. We find in the editorial of Indian Sugar I have already referred to:

> "Sugar prices in the world market are in a depressed state. Exports of Indian sugar have, therefore, to be *effected* at a *price* much lower than that obtaining in the country. This, of course, is not a thing particular to India, as many of the world's exporting countries have to sell their sugar to the export markets at a much lower price, and the resultant loss is made good by pushing up the internal prices".

So the bad effect on the internal prices will ultimately affect the economy of the ordinary people.

It is of course a riddle to us as to what is the price in the world market. Sometimes we are informed that the price in the world market is lower than that obtaining here. But on page 289 of the same journal it is stated:

> "During the month of June, there was moderate business in Raws as well as Whites. But there was no particular pressure from sellers which would have affected the overall steadiness".

We do not know what is the actual condition in the world market at the present moment.

As regards production, we know that under the Second Five Year Plan, the production target, by 1960-61 is fixed at 780 lakh tons as against the actual production at the end of the First Five Year Plan of 580 lakh tons, that is, by 1955-56. This production has increased in 1956-57, that is, in the first year of the Second Plan, to 669 lakh tons. The estimate for 1957-58 has not yet been

[Shri Ghosal]

obtained. But the increase in production is not due to increase in the yield per acre, but due to the increase in the acreage under cultivation. This is a disadvantage because when we want to increase production of foodgrains, we should not divert cultivable lands where foodgrain cultivation can be undertaken to sugarcane cultivation; otherwise, we would be decreasing the total cultivable lands under foodgrains. It has also been accepted by the hon. Minister that it is not a healthy sign.

A survey was made by the U.N. Expert and he said that we can increase the yield per acre of sugarcane from 30 to 50 per cent. and that due to want of irrigation and other facilities the yield is not being increased. I would draw the attention of the hon. Food Minister to this so that the question of increase in yield may be taken up

It has already been asked by many of the hon. Members how long is this policy of selling our sugar at a loss in the foreign markets and purchasing our foodgrains by spending the foreign exchange earned to be continued, and whether it is a long-term policy or a short-term policy. As a long-term policy it is not good economics, as has already been pointed out by Prof. Ranga.

As regards the export agency, I would like to submit that the State Trading Corporation should have been made the agency. Of course, the Deputy Minister said that the hands of the Commerce and Industry Minister are now full and they cannot take this up That was said on the 7th May in reply to a question. I should say that it is not a convincing reason for not giving the agency to the State Trading Corporation. My submission would be that it should be given to the State Trading Corporation instead of to the Indian Sugar Mills Association.

Lastly, I would like to submit that if Government want to earn foreign exchange by selling sugar, they must at least maintain co-ordination between these things, namely, (1) proper price is obtained by the cane growers, (2) proper wages are obtained by the workers and (3) proper price is maintained for the consumers. If this co-ordination is not maintained, it will not be possible to earn foreign exchange; or, if that foreign exchange is earned, it will not be available for any good use to our country.

Shri Satyendra Narayan Sinha: Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Bill moved by the hon. Minister of Food and Agriculture and to oppose the Resolution of my hon. friend Shri Braj Raj Singh. Even Shri Braj Raj Singh has not adduced any very cogent reason for accepting his Resolution disapproving the Ordinance promulgated by Government. He also feels that it is necessary to export sugar this year as well despite the fact that the world price is much lower than our internal price. So, he agrees with the principles of the Bill; he agrees with the purpose of the Bill; but, he has objection only to the promulgation of the Ordinance. And, he felt that before promulgating the Ordinance the hon. Minister should also have seen that the millers did not take advantage of the speculative price According to him, perhaps, Rs. 3½ crores have already been mopped up by the millers by charging Rs. 2 per maund higher than the prevailing price.

I should have expected the hon. Minister to enlighten the House on this point. In fact, it is a very material point. If the millers have already made a profit of Rs. 3½ crores, then, the case for any kind of subsidy or any kind of increase in the internal price loses its legs. So, I would request the hon. Minister, while replying to the debate, to kindly enlighten this House on this point.

As far as the purpose of this Bill is concerned, I have found that there is hardly any difference of opinion in this House except, perhaps, on the part of one or two hon. Members. Even Shri Braj Raj Singh agrees that it is necessary to export sugar. We are having a policy of expansion of the sugar industry. The Planning Commission has already set a target of 2·5 million tons to be achieved during the Second Five Year Plan; and licences for expanding 59 existing units have already been issued. And, it is proposed to set up 50 new units.

You will notice that at the rate at which the productive capacity is being increased, not only will the target of 2·5 million tons be reached but it will be exceeded by a big margin. Our offtake for internal consumption has not gone so far beyond 19 lakh tons or so. Even if we allow a little more increase in the offtake, there will be quite a good margin of carry over. So, we need some sort of flow or outlet for this extra production. If we are not going to provide some sort of safety valve by resorting to exports, the result would be that there will be glut in the internal market resulting in the closure of mills and unemployment, hardship and distress to cane growers and all that. So, it is necessary that we should continue the practice of exporting some sugar every where.

Last year, as has already been said, we exported 1·53 lakh tons and the result was that already a scare was created in the international market. I have seen in an article that the Chairman of a British firm already expressed his fear that the Indian sugar export constituted a big threat to the U.K. What was gained last year should not be lost this year by stopping exports altogether. Therefore, I wholeheartedly support the purpose with which this Bill has been brought forward.

My friend, Shri A. C. Guha, while asking the hon. Minister of Food and Agriculture to examine the cost structure expressed surprise why we could not export again this year 1·5 lakh tons when we did so last year. Likewise, some other hon. friends—Shri Vajpayee I think—have also made this point. But the hon. Minister, while introducing the Bill, told the House that we are exporting 50,000 tons of sugar this year. The result would be that we would be losing about Rs. 1·40 crores. If we spread it over the total internal production, the loss per maund will be 50 naya paisa per maund or 1·0 naya paisa per seer. If we have to subsidise the internal sale, the consumer would not suffer more than one naya paisa. Really the apprehension expressed by our friends here in opposition to this measure is that it will operate as a great hardship to the ordinary consumers. Government has controlled the ex-factory prices but no step has so far been taken to control retail prices. The hon. Minister has said that there are about two lakh retail shops and perhaps the machinery is not adequate to regulate the sale. I would plead with the hon. Minister that the real fear expressed by the hon. Members here is that the hardship that will be caused will be passed on to the ordinary retail consumer. So, it is necessary to have some control of the retail prices.

Shri Ramji Verma has said that the production has come down this year by 59,000 tons and has suggested that the internal consumption will be less by that quantity. He forgets that there is already a carry over of 4·5 lakh tons and we expect that even after having exported 50,000 tons there will be a carry over of about four lakh tons. Actually, even if we export a lakh tons, there will be a carry over of 3·5 lakh tons. which is 15 per cent. of our total consumption. Perhaps the only reason why the hon. Minister is not increasing the export quota is that it will mean more hardship to be spread over and perhaps he will have to resort to a much greater subsidy.

[Shri Satyendra Narayan Sinha]

So far as the export of sugar is concerned, I am at one with the hon. Minister that we should continue the export of sugar and capture the market. So long, we have been depending on three items: jute, tea and textiles. It was said that we could have earned this foreign exchange by increasing the export of tea. But we have got to diversify the export trade also. We should not depend upon traditional items so that if there is some difficulty in production either here or in the world market, there is some instability in the balance of payments. So, it is necessary to introduce some more items in our export trade. From that point of view, I think Shri Naushir Bharucha will also withdraw his objection and agree that it is necessary to continue the good work that we did last year and create a market for our sugar in the foreign countries. As I have already indicated, in course of time, we will be producing enough sugar in this country and if we are not having some sort of an outlet, there will be a glut in the internal market and it will mean a still greater hardship.

I whole heartedly support my hon. friend Shri Jhunjhunwala when he says that while we are resorting to all these measures, it is necessary also to look into the cost structure of our industry. This is a valid point and we cannot continue to go on exporting at a loss altogether. He has referred to Indonesia; it is producing eight lakh tons and is exporting half of it at Rs. 20 per maund whereas her internal price is about Rs. 48 per maund. Yet it is not good economics if we continue the export at a loss. Therefore, it is necessary from our point of view that we should do our best to try to increase the yield of sugarcane per acre. Government are aware of this need and they are taking steps but it is necessary that they should do it sooner, so that the results are felt in the country. We should also try to increase the sucrose content. Unless we make it a profitable proposition, it is no good taking emergency measure. Ultimately, we will not be able to sustain this export trade with this high cost structure in the country.

The whole aspect of the sugar industry has been discussed in the course of a small measure, which I think was not necessary and the question of sugarcane growers has been brought in. We do feel that some sort of a relationship should exist between the cost of sugarcane and the price paid. It was decided by Dr. Katju when he was Industries Minister in U.P. that this kind of a relationship should exist but this has not been given effect to so far.

What is needed is that we should vigorously take up this question of reaching to the ordinary farmer the results of our experiments in the research laboratories and institutes and see how far these experiments bear fruits.

Before I conclude I want to underline once again this point that we must give further attention to this aspect of the question. With these words, I wholeheartedly support the measure before this House.

Shri A P. Jain: Mr. Chairman, some hon. Members have accused me of showing partiality to the millers and of showering on them undeserved encomium. This is far from true. I have been as critical of the millers as I have been paying them their due praise. All that I said was that the Indian Sugar Mill Association has done a good service in exporting more than 150 thousand tons last year. I also said that some of the millers had failed to abide by the assurance which they gave which compelled us to control the price of sugar.

Two hon. Members, Shri Ranga and Shri Naushir Bharucha, are opposed to the basic objectives of the Bill. Shri Bharucha has said that we have selected a wrong commodity. My hon. friend, Shri Satyendra Narayan

Sinha has made my task easier; he has very correctly said that we should try to as much broad-base our exports as we possibly can. I may tell Shri Bharucha that the future pattern of our Indian foreign trade is going to be very different from what it is today. We should try to step up the export of tea, jute and textiles but that is no reason why we should not export sugar in ever larger quantities. Past experience has shown that we can export sugar and it is going to be our definite policy to export sugar. We shall try to create suitable conditions for exporting sugar.

One question has been raised by more than one hon. Member: Shri Panigrahi, Shri Guha and Shri Vajpayee. They have stated that on the last occasion in 1957, the Indian Sugar Mill Association could export more than 150 thousand tons of sugar on their own account. Then, why not they do it today, they ask. The fact of the matter is that even last year, 1957, we prepared a scheme and assisted the Association in making arrangements for the export. But the circumstances prevailing at that time were very different from what they are today. In my opening speech, I said that in 1957, as a result of the Suez crisis and also as a result of the failure of the beet crop in Europe, the world price of sugar had gone up and so we could export sugar and make a little profit. This year the position is different. Our internal prices of sugar are higher than the world prices, and, therefore, we have to export sugar at a sacrifice. That is one reason why it has become necessary for Government to enact an Ordinance first and now an Act, because we had to devise a method for financing the loss and for that a law is necessary. That is the justification as to why we passed the Ordinance.

Different opinions have been expressed on the need for enacting the Ordinance. On principle, I have no difference. Ordinance is something extraordinary and it is only in exceptional cases that Government should take recourse to Ordinance. That was exactly the position. Because we are badly in need of foreign exchange, we passed the Ordinance.

A fundamental question has been raised, whether it is a good policy to export sugar at a loss.

Shri Naushir Bharucha: At a huge loss.

Shri A. P. Jain: Yes, I am prepared to accept that also, a huge loss. That depends upon the conditions. We are badly in need of foreign exchange. It is not only we who are exporting sugar at quite a heavy loss, but some other countries who are similarly situated and who are in need of foreign exchange, for one reason or the other, are also doing so. The case of Indonesia has been mentioned. Another case is that of Australia, where the internal prices are much higher than the prices at which they are exporting sugar.

Well, it is a good suggestion, a nice suggestion that we should make every effort to bring down the cost of production, and one of the ways of reducing the cost of production is that each acre under sugarcane should produce much more than what is produced today. That is the one solution of the sugar industry. Unfortunately, our sugarcane yields are very low, some of the lowest in the world. It is not so all over the country. In the south the sugarcane yields are much higher, as much as 50 to 60 tons per acre, as against 11 to 13 tons in northern India. That is partly due to climatic reasons. But I think even the disadvantages attaching to climate can be overcome to a large extent, and it should be an effort on our part to increase the yield per acre.

That also answers the question which has been raised by a number of hon. Members, that the export of sugar has the greatest potentialities of encroaching upon the foodgrain area. The other day, while discussing the

[Shri A P. Jain]

question of foodgrains versus cash crops, I made it clear that it is the definite policy of the Government of India to see that larger production of cash crops should be obtained by intensive cultivation and not by encroachment on the foodgrain area We shall make every effort to achieve that end

A question was raised by Shri Ranga as to whether we have been able to control even the wholesale prices He said that many of the wholesalers are in one or another way connected with the millers, and he was doubtful whether we have been able to control the wholesale prices Now, our mechanism is something like this One-fourth of the entire production of sugar in a year is earmarked for being requisitioned by the Government This year the production was a little less than 20 lakh tons, and so we are entitled to requisition five lakh tons of sugar We have prescribed the control price for that sugar, and we have got the power to sell the sugar earmarked for requisition at the control price to anybody whom we authorise to buy We are selling sugar in quantities of one wagon and more Our sales are not confined to the existing wholesalers Anybody who wants to trade in sugar can put in an application to the Government that he wants one wagon of sugar We then order the mill to supply him one wagon of sugar at the control price, and he buys the sugar and sells it So the area of competition is now enlarged, it is no longer confined to the traditional wholesalers

I dare say, Sir, that as a result of this operation, we have met with almost full success On 3rd of May, at Jullundur the price of sugar was Rs. 37-20 n P—that is the wholesale price. On the 26th of July, the price went up to Rs. 39-22 n.P. Then we undertook this new sale operation and the price has been brought down—I am giving the figure as on 13th of August—to Rs. 37-12 n.P.: that is, a little lower than what it was on 3rd May, and all the rise has been eliminated In Delhi, on the 3rd of May the price of sugar was Rs. 38-31 n.P. On 26th July, it went up to Rs 40-25 n P Now it has been brought down to Rs 38—a little lower than what it was on 3rd May Similarly, in Kahpur the price on 3rd May was Rs 36-78 n P It went up to Rs. 38 on 26th July Now it has been brought down to Rs 37 Similar is the tale with regard to other places

Shri Panigrahi: How do these prices compare with ex-factory prices fixed by the Government on 30th July?

Shri A P Jain: There was no fixation of price on 30th July, but I can say that the ex-factory prices had also gone down

Shri Panigrahi: On the notification of 30th July the ex-factory prices were given

Shri A. P Jain: I shall give the ex-factory prices also On 22nd July, the ex-factory price in Punjab was Rs 38-52 n P and now it is Rs 36-50 n P In Western U P, the ex-factory price on 22nd July was Rs 37-87 n.P. and now it is Rs 36

Shri Braj Raj Singh: What were the prices at the time of the promulgation of the Ordinance?

Shri A P Jain: I am giving the figures as on 22nd June In the Punjab, it was Rs 37-38 n P and now it is Rs 36-50 n P In Western U.P., it was Rs 36-61 n.P and now it is Rs 36 In Eastern U P., it was Rs. 36-13 n P and now it is Rs. 36. In North Bihar, it was Rs. 37-25 n.P. and now it is Rs 36

Seth Achal Singh (Agra): What about Delhi State?

16 hrs.

Shri A. P. Jain: Delhi State has no factories. Our control measures, I

submit in all humility, have been effective.

Shri A. C. Guha raised a question as to why we have not entrusted this export business to established shippers. He said that that is the normal practice. Now, there is a little misunderstanding about the export of sugar. If a large number of Indian sellers go into the foreign market and begin to compete with one another, our prices go down. Nearly all the countries which are controlling exports or which want to promote export, raise their export through a specialised agency. The question is what should be the specialised agency. A difference of opinion has been expressed, and some hon. friends have said that it should not have been the Indian Sugar Mills Association but that it should have been the State Trading Corporation I have already stated that the State Trading Corporation is very much in our mind We asked the State Trading Corporation to take it over. Their hands are full and they have no experience of sugar. Therefore, we have selected this agency and this agency will operate on a no-profit-no-loss basis We shall take care that nothing wrong happens and I am hopeful that it will give fruitful results.

